## क्या आप जानते हैं

विगत 500 वर्षों में मानव जनसंख्या 10 गुना से अधिक बढ़ी है।

अकेले 20वीं शताब्दी में जनसंख्या 4 गुना बढ़ी है।

प्रतिवर्ष लगभग 8 करोड़ लोग पहले की जनसंख्या में जुड़ जाते हैं।

## विश्व जनसंख्या के दो गुना होने की अवधि

मानव जनसंख्या को प्रारंभिक एक करोड़ होने में 10 लाख से भी अधिक वर्ष लग गए। किंतु इसे 5 अरब से 6 अरब होने में मात्र 12 वर्ष लगे। तालिका 2.2 को ध्यानपूर्वक देखें जो यह दर्शाती है कि विश्व जनसंख्या के दो गुना होने की अवधि तेजी से घट रही है।

विभिन्न प्रदेशों में उनकी जनसंख्या के दो गुना होने में अत्यधिक भिन्नताएँ पाई जाती हैं। विकसित देश विकासशील देशों की तुलना में अपनी जनसंख्या दो गुना करने में अधिक समय ले रहे हैं। जनसंख्या की अधिकतर वृद्धि विकासशील विश्व में हो रही है जहाँ जनसंख्या विस्फोट हो रहा है। ऐसा क्यों है?

## जनसंख्या परिवर्तन के स्थानिक प्रारूप

विश्व के विभिन्न भागों में जनसंख्या वृद्धि की तुलना की जा सकती है। विकसित देशों में विकासशील देशों की तुलना में जनसंख्या वृद्धि कम है। जनसंख्या वृद्धि और आर्थिक विकास में ऋणात्मक सह-संबंध पाया जाता है।

यद्यपि जनसंख्या परिवर्तन की वार्षिक दर (1.4 प्रतिशत) निम्न प्रतीत होती है (तालिका 2.3), वास्तव में ऐसा नहीं है। इसका कारण है :

- जब एक निम्न वार्षिक दर अत्यंत बड़ी जनसंख्या पर लागू होती है तो इससे जनसंख्या में विशाल परिवर्तन होगा।
- यद्यपि वृद्धि दर निरंतर घटती रहे तो भी कुल जनसंख्या प्रतिवर्ष बढ़ती है। प्रसव के दौरान, मृत्यु दर की भाँति, शिशु मृत्यु दर में भी वृद्धि हुई हो सकती है।

*तालिका 2.3 : जनसंख्या वृद्धि (2010-15)*

| प्रदेश | वृद्धि दर | |
|---|---|---|
| | *1990-95* | *2010-15 (अनुमानित)* |
| विश्व | 1.6 | 1.2 |
| अफ्रीका | 2.4 | 2.6 |
| यूरोप | 0.2 | 0.1 |
| उत्तर अमेरिका | 1.4 | 0.8 |
| लैटिन अमेरिका, कैरेबियन | 1.7 | 1.1 |
| एशिया | 1.6 | 1.0 |
| ओशनिया (आस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड और फिजी) | 1.5 | 1.5 |

*स्रोत: डेमोग्राफ़िक ईयर बुक, 2015*

## जनसंख्या परिवर्तन का प्रभाव

एक विकासशील अर्थव्यवस्था में जनसंख्या की अल्प वृद्धि अपेक्षित है। फिर भी एक निश्चित स्तर के बाद जनसंख्या वृद्धि समस्याओं को उत्पन्न करती है। इनमें से संसाधनों का ह्रास सर्वाधिक गंभीर है। जनसंख्या का ह्रास भी चिंता का विषय है। यह इंगित करता है कि वे संसाधन जो पहले जनसंख्या का पोषण करते थे अब उस जनसंख्या के पोषण में सक्षम नहीं रहे।

एड्स/एच.आई.वी. (एक्वायर्ड इम्यून डेफिसिएंसी सिंड्रोम) जैसी घातक महामारियों ने अफ्रीका, स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल (सी.आई.एस.) के कुछ भागों और एशिया में मृत्यु दर बढ़ा दी है और औसत जीवन-प्रत्याशा घटा दी है। इससे जनसंख्या वृद्धि धीमी हुई है।

*तालिका 2.2 : विश्व जनसंख्या के दो गुना होने की अवधि*

| काल | जनसंख्या | अवधि जिसमें जनसंख्या दो गुना हुई |
|---|---|---|
| 10,000 ई॰ पू॰ | 50 लाख | |
| 1650 ई॰ | 50 करोड़ | 1500 वर्ष |
| 1804 ई॰ | 100 करोड़ | 154 वर्ष |
| 1927 ई॰ | 200 करोड़ | 123 वर्ष |
| 1974 ई॰ | 400 करोड़ | 47 वर्ष |
| 2025 ई॰ | 800 करोड़ प्रक्षेपित संख्या | 51 वर्ष |

*स्रोत: डेमोग्राफ़िक ईयर बुक, 2009-10*

© NCERT not to be republished



